पत्रिका plus

jodhpur.friday 25/02/2022 rajasthanpatrika.com/entertainment

कला संकाय ने जीता ऐस कप क्रिकेट का खिताब

जोधपुर. ऐश्वर्या कॉलेज की वार्षिक खेलकूद गतिविधियों का समापन गुरूवार को उत्तर पश्चिम रेलवे स्टेडियम जोधपुर में कला एवं विज्ञान संकाय के बीच खेले गए क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच से हुआ, जिसमें कला संकाय ने 2 विकेट से जीत दर्ज की। तीन राउण्ड के लीग मैचों में रन अंकों एवं रन रेट के आधार पर से फाइनल तक पहुंची कला संकाय एवं विज्ञान संकाय की टीमों के मध्य यह फाइनल मैच खेला गया। जिसमें विज्ञान संकाय के कप्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

निर्धारित 20 ओवरों के मैच में विज्ञान संकाय की टीम राहुल के 39 रनों की बदौलत 135 रन बना पाई। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कला संकाय की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 17 ओवरों में 8 विकेट खोकर निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर 2 विकेट से मैच जीत लिया। कॉलेज के स्पोटर्स संयोजक नवीन जोशी ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक वर्ष खेलकूद के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं अन्य सहशैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। निदेशक भूपेन्द्र सिंह राठौड़ ने फाइनल मैच से पहले दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

दैनिक भास्कर

जोधपुर 25-02-2022

दैनिक भास्कर

सिटी बिजनेस

ऐश्वर्या कॉलेज की वार्षिक खेलकूद गतिविधियां संपन्न, कला संकाय ने जीता क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब

जोधपुर | ऐश्वर्या कॉलेज की वार्षिक खेलकूद गतिविधियों का समापन गुरुवार को उत्तर पश्चिम रेलवे स्टेडियम में हुआ। इस दौरान कला एवं विज्ञान संकाय के बीच क्रिकेट का फाइनल मैच हुआ, जिसमें कला संकाय ने 2 विकेट से जीत दर्ज की। विज्ञान संकाय ने निर्धारित 20 ओवरों में राहुल के 39 रनों की बदौलत 135 रन बनाए। जवाब में कला संकाय की टीम ने 17 ओवर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। कॉलेज निदेशक भूपेंद्रसिंह राठौड़ ने कहा कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया ने स्पोर्ट्स समिति व खिलाड़ियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।